an>

Title: Need to provide funds to states under Kendriya Sadak Nidhi for maintenance of roads.

**श्री ए.टी.नाना पाटील (जलगाँव) :** महोदया, आपने मुझे शून्य काल में मेरे राज्य का अति महत्व का प्रश्न उपस्थित करने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय सड़क निधि अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के तहत पेट्रोल और डीजल पर बेसिक ड्यूटी (सेस) की दर जनवरी, 2015 से मार्च, 2015 के बीच दो रूपए प्रति लीटर से बढ़ाकर छः रूपए प्रति लीटर कर दी, ताकि केन्द्र व राज्य स्तर की सड़क परियोजनाओं हेतु आवश्यक धनराशि उपलब्ध हो सके। परन्तु अभी तक सड़क परिवहन मंत्रालय ने इस धनराशि में से राज्यों की सड़क परियोजनाओं हेतु केन्द्रीय सड़क निधि में से उनके हिस्से की धनराशि आवंटित न हीं की है, जिसके कारण महाराष्ट्र जैसे राज्य की सड़कों की परियोजनाओं हेतु आवश्यक धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। मेरे संसदीय क्षेत्र जलगाँव में भी सड़कों की हालत बहुत ही खराब है तथा केन्द्रीय सड़क निधि से सड़कों की सुधार हेतु कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है। सूखे के कारण राज्य सरकार सड़कों की मरम्मत के लिए पैसा उपलब्ध कराने में असमर्थ है।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि वह हस्तक्षेप कर केन्द्रीय सड़क निधि से राज्यों में सड़क ढांचागत परियोजनाओं तथा विशेष रूप से जलगाँव में सड़कों की स्थिति में सुधार करने हेतु राज्य के हिस्से की बढ़ी हुई राशि उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि राज्य की सड़कों तथा विशेषकर जलगाँव में सड़कों का निर्माण कार्य एवं मरम्मत कार्य करवाया जा सके। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** डॉ. मनोज राजोरिया को श्री ए.टी.नाना पाटील द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।